संख्या-187/2015/1205/22-4-15-48(16)/14

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक-21 सितम्बर,2015

विषय- प्रदेश की 42 कारागारों में अतिरक्ति शौचालयों के निर्माण हेतु निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-155/2015/880/22-4-15-48(16)/14, दिनांक 31 जुलाई, 2015 द्वारा प्रदेश की 24 कारागारों के 228 ब्लाकों में अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण हेतु रू0 2243.52 लाख की लागत पर प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए रू0 448.70 लाख की धनराशि व्यय हेतु अवमुक्त की गयी है। इसी प्रकार शासनादेश संख्या-167/2015/979/22-4-15-48(16)/14, दिनांक 20 अगस्त, 2015 द्वारा प्रदेश के 18 कारागारों के 128 ब्लाकों में अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण हेतु रू0 1267.20 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए रू0 190.08 लाख की धनराशि व्यय हेतु अवमुक्त की गयी है।

2- सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय प्रदेश के उक्त 42 कारागारों के 356 ब्लाकों में (एक ब्लाक में 08 नग दिन शौचालय, सैप्टिक टैंक व सोकपिट सहित) अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण हेतु पूर्व में निर्गत प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में तालिका के कालम-6 में उल्लिखित धनराशि, जिसका कुल योग रू0-7,65,50,000/-(रूपाया सात करोड़ पैंसठ लाख पचास हजार मात्र) होता है, की वित्तीय स्वीकृति निम्निलखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0	कारागार का नाम	ब्लाकों की संख्या	स्वीकृत लागत	पूर्व में स्वीकृत धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	जि0का0 फैजाबाद	09	88.56	17.71	17.71
2	जि0का0 बस्ती	07	68.88	13.78	13.78
3	जि0का0 बाराबंकी	07	68.88	13.78	13.78
4	जि0का0 गाजीपुर	03	29.52	5.90	5.90
5	जि0का0 बदायूँ	10	98.40	19.68	19.68
6	जि0का0 बिजनौर	06	59.04	11.81	11.81
7	जि0का0 बलिया	03	29.52	5.90	5.90
8	जि0का0 हरदोई	03	29.52	5.90	5.90
9	जि0का0 गारेखपुर	12	118.08	23.62	23.62
10	जि0का0 रायबरेली	05	49.20	9.84	9.84

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

11	जि0का0 सीतापुर	10	98.40	19.68	19.68
12	जि0का0 उन्नाव	07	68.88	13.78	13.78
13	जि0का0 फतेहगढ़	04	39.36	7.87	7.87
14	जि0का0 इटावा	10	98.40	19.68	19.68
15	जि0का0 खीरी	13	127.92	25.58	25.58
16	जि0का0 अलीगढ़	08	78.72	15.74	15.74
17	जि0का0 एटा	09	88.56	17.71	17.71
18	जि0का0 ललितपुर	01	9.84	1.97	1.97
19	जि0का0 फिरोजाबद	02	19.68	3.94	3.94
20	जि0का0 सुलतानपुर	13	127.92	25.58	25.58
21	जि0का0 गायिजाबाद	34	334.56	66.91	66.91
22	जि0का0 मेरठ	32	314.88	62.97	62.97
23	उप का0 महोबा	04	39.36	7.87	7.87
24	जि0का0 बहराइच	16	157.44	31.50	31.50
25	जि0का0 झॉसी	07	69.30	10.40	17.32
26	उप का0 ज्ञानपुर	03	29.70	4.45	7.43
27	जि0का0 कन्नौज	02	19.80	2.98	4.95
28	के0 का0 नैनी	10	99.00	14.85	24.75
29	जि0का0 हमीरपुर	05	49.50	7.42	12.37
30	जि0का0 गोण्डा	03	29.70	4.45	7.43
31	जि0का0 देवरिया	08	79.20	11.88	19.80
32	जि0का0 बॉदा	05	49.50	7.42	12.37
33	जि0का0 कौशाम्बी	03	29.70	4.45	7.43
34	जि0का0 आगरा	13	128.70	19.31	32.17
35	जि0का0 रामपुर	03	29.70	4.45	7.43
36	के0का0 आगरा	10	99.00	14.85	24.75
37	जि0का0 मथुरा	10	99.00	14.85	24.75
38	जि0का0 मिर्जापुर	14	138.60	20.80	34.65
39	के0का0 वाराणसी	03	29.70	4.45	7.43
40	के0का0 फतेहगढ़	16	158.40	23.76	39.60
41	जि0का0 सिद्वानगर	04	39.60	5.94	9.90
42	जि0का0 फतेहपुर	09	89.10	13.37	22.27
	योग-	**356**	**3510.72**	**638.78**	**765.50**

(1) आगणन में प्रस्तावित मात्राओं तथा प्राविधानों को कार्यान्वयन के समय सुनिश्चित किये जाने का दायित्व महानिरीक्षक कारागार एवं कार्यदायी संस्था का होगा।

(2) कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम स्तर से निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी महानिरीक्षक कारागार की होगी तथा वे यह सुनिश्चित करेंगे किय कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।

(4) धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता के आधार पर किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31.12.2015 तक कर लिया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(7) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे इन कार्यों हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है और न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(9) लेबर सेस की धनराशि का भुगतान श्रम विभाग को किया जायेगा।

3- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4059-लोक निर्माण कार्य पूर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-051-निर्माण-04-कारागारों में जलापूर्ति एवं स्वच्छता में सुधार-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक- 30 मार्च,2015 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(करूणेश कुमार सिंह)
अनु सचिव

संख्या-187/2015/1205(1)/22-4-15-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(2) महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(3) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी।

(5) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(6) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

(7) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय, लखनऊ।

(8) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2

(9) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(करूणेश कुमार सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in